सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{09 फाल्गुन, 1934 (श0)}}{\text{28 फरवरी, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या-116

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 28 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 21 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 12 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 13 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 25 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 07 |
| (8) विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | .. | 02 |
| | कुल योग | .. | 116 |

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

''क''- *214. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के राजगीर प्रखण्ड के नेकपुर, चेनपुर, नीमा, बड़हरी, पथरौरा, तिलैया, खरजमा, करीमपुर, कोनार नगर, भागलपुर, कहटा, मोहनपुर, दुहैय-सुहैय, मजैठा, विष्णपुर, विच्छाकोल, मेयारगढ़, कोलवाबाद, विजय नगर, चन्द्रशेखर नगर, मोरा ढेरा, हिन्दुपुर, बेलदार बिगहा, खरजमा रटना, अजीमाबाद, धासी बिगहा, भूई, पहीतीया, बड़ी मिलकी, चन्दौरा इत्यादि गाँवों में ऊपरी सतह के पानी में आर्सेनिक पायी गई है, जिसके चलते लोगों को कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सभी गाँवों में पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

स्वीकृत करना

*895. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला स्थित बेन प्रखण्ड के गुलड़िया बिगहा, सिकड़ीपर, मुरगाँवा, कनकु बिगहा, चन्द बिगहा, अमिया बिगहा, बुल बिगहा इत्यादि में गरीबी रेखा में शामिल मल्लाह (केवट) जाति के लोग आवासित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के गरीबों को प्रावधानानुसार इन्दिरा आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, जबकि आवेदन प्रश्नकर्ता के माध्यम से फरवरी, 2012 में जिला पदाधिकारी, नालन्दा को दी जा चुकी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँव के गरीब मछुआरों को इन्दिरा आवास स्वीकृत करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

---

चयनित करना

*896. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखण्ड के लोकमानपुर, भवनपुरा, रतनपुरा, चोरहर, ढोढ़िया, दादपुर, पीपरपाँती, बिशपुरिया, माड़रडीह, नन्हकार ग्राम अनुसूचित जाति, महादलित एवं दलित बाहुल्य है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महादलित बाहुल्य ग्रामों को मिनी जलापूर्ति योजना के तहत चयनित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य कराना

*897. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत पोड़ी के जगदीश चौधरी के घर से लेकर मस्जिद होते हुये मुसहरी टोला के अंतिम सीमा तक सघन आबादी के बीच से सड़क गुजरती है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-214. दिनांक 21 फरवरी, 2013 को सदन से स्थगित ।

कार्रवाई करना

*898. श्रीमती पूनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 23 फरवरी, 2013 के अंक में छपी खबर ''अधिप्राप्ति धान का नहीं हो रहा उठाव'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी अनुमण्डल मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल के गोदाम एवं बाहरी परिसर में रखे दस हजार क्विंटल धान का उठाव बेस गोदाम के लिये नहीं किये जाने से विभिन्न पैक्स अध्यक्षों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त व्यापार मंडल के बाहर हजारों क्विंटल धान की बोरी बगैर तौल किये हुये रखी हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त व्यापार मंडल से धान के उठाव नहीं कराने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये धान उठाव करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*899. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, परसा का चुनाव सम्पन्न हुये लगभग तीन वर्ष हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि 22 वार्ड का उक्त नगर पंचायतों को अभीतक सरकार द्वारा मिलने वाली नगर पंचायत की सुविधा से वंचित रखा गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत को पूर्णरूपेण सरकारी सुविधा देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अंचल में रखना

*900. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत आदापुर प्रखण्ड के डुबहा पंचायत और गमरीया पंचायत छौड़ादानों अंचल में पड़ता है और छौड़ादानों प्रखण्ड के महुअवा पंचायत और भेलवा पंचायत आदापुर अंचल में पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि 18 वर्ष पूर्व इन चारों पंचायत का अदला-बदली दोनों प्रखण्ड में किया गया, लेकिन अंचल का अदला-बदली नहीं हो सका;

(3) क्या यह बात सही है कि छौड़ादानों अंचल कार्यालय भेलवा पंचायत में पड़ता है और महुअवा पंचायत छौड़ादानों अंचल के बिल्कुल करीब है, उसी प्रकार डुबहा पंचायत और गमरीया काला पंचायत आदापुर अंचल के करीब है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भेलवा पंचायत और महुअवा पंचायत को छौड़ादानों अंचल में और उसी प्रकार डुबहा पंचायत और गमरीया काला पंचायत को आदापुर अंचल में रखने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*901. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज एवं संझौली अंचल कार्यालय का अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा भवन निर्माण हेतु फरवरी, दिसम्बर, 2011 तथा मार्च एवं अक्टूबर, 2012 में संबंधित स्थानीय एवं उच्च पदाधिकारियों से अनुरोध किये जाने के बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित अंचल भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित कराना

*902. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में वर्तमान में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को अपने कृषि उत्पादों को सुरक्षित रखने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वजीरगंज में सहकारिता विभाग की ओर से कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नापी कराना

*903. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला (छपरा) अन्तर्गत सोनपुर अंचल के थाना नं० 168 मौजा पहलेजा जो पटना जिला के सीमा से सटा है, का सीमाकरण करने हेतु वर्ष 2008 में ही ट्रर्वस दल गठित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रर्वस दल गठित होने के बावजूद नापीकर सीमाकरण नहीं करने के कारण दोनों पक्ष के किसानों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोनों जिला के सीमा का नापी कराकर विवाद को समाप्त करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गबन के संबंध में

*904. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में किशनगंज जिला के प्रखंड कोचाधामन अन्तर्गत सरकारी धान अधिप्राप्ति में 6140 क्विंटल धान की अधिक खरीद दिखाकर 89 लाख रुपया का गबन सांख्यिकी पदाधिकारी एवं कार्यालय सहायक की मिलीभगत से किया गया है जिसके विरुद्ध थाना कांड सं० 125/12 दायर किया गया है, यदि हां, तो अबतक क्या कार्रवाई की गयी है ?

---------

व्यवस्था कराना

*905. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन खेदलीचक, पारसमणि तथा के० नगर प्रखंड अधीन भूढ़ी पश्चिम, रहुआ में मिनी जलापूर्ति योजना के तहत शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने हेतु सौर ऊर्जा संचालित पंप तथा पाइप का निर्माण वर्ष 2011-12 में कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में विधिवत उद्घाटन के दो महीने के अन्दर ही पानी आपूर्ति बाधित हुआ तथा गन्दा पानी आपूर्ति होने लगा है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु व्यवस्था कराने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई का विचार

*906. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 13 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''राशन के मनमाने उठाव पर रोक, कसी नकेल'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग ने जन-वितरण प्रणाली के अनुज्ञप्ति धारकों के लिए प्रत्येक माह की 10 तारीख तक खाद्यान्न की कीमत जमा करना अनिवार्य कर दिया है और ऐसा नहीं करने पर उनकी दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने स्पष्ट आदेश दिया है कि जिस माह के खाद्यान्न का पैसा समय पर अनुज्ञप्ति धारकों द्वारा जमा कर दिया जाएगा, उन्हें उसी माह में खाद्यान्न की आपूर्ति कर दी जायगी, परन्तु दरभंगा जिला के दरभंगा सदर, बहादुरपुर, हायाघाट समेत जिला के अन्य प्रखंडों के अनुज्ञप्ति धारकों द्वारा अपेक्षित राशि समय पर जमा कर दिये जाने के बावजूद अभीतक बी०पी०एल० धाराकों के माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर, 2012 एवं जनवरी, 2013 के खाद्यान्न का उठाव उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फरवरी, 2013 में बकाये उठाव की पूर्ति सुनिश्चित कराने एवं विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*907. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमंडल में एक विद्युत ताप शवदाह गृह का निर्माण करने हेतु वर्ष 2009 में निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगछिया अनुमंडल में विद्युत ताप शवदाह गृह नहीं बनाया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में विद्युत ताप शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय का निर्माण

*908. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत किशनपुर ग्राम के हेमकुंज उच्च विद्यालय में बालिकाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है, यदि हां, तो सरकार वहां शौचालय निर्माण करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*909. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड में 35-40 एकड़ का कृषि फार्म है, उक्त कृषि फार्म पर अभीतक कृषि से संबंधित कोई भी अनुसंधान संस्थान नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाजपट्टी, नानपुर, बोखड़ा, पुपरी प्रखंड कृषि आधारित क्षेत्र है, जहां मुख्य जीविका का साधन खेती ही है, परन्तु इस क्षेत्र में एक भी कुटीर या बड़ा उद्योग नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाजपट्टी कृषि फार्म की जमीन पर कृषि अनुसंधान केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु तस्करी रोकना

*910. श्री विनोद नारायण झा--स्थानीय अंग्रेजी दैनिक सामाचार-पत्र के दिनांक 23 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''मेनका कम्स टू रेस्क्यू ऑफ हैपलेस कैमेल्स'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीमांचल के जिले अररिया, किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार के रास्ते आये दिन बड़ी संख्या में पशु तस्करी कर बंगलादेश भेजा जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि 22 जनवरी, 2013 को पुलिस अधीक्षक, अररिया द्वारा 49 ऊँटों को पकड़ा गया जिसे तस्करी के द्वारा बंगलादेश ले जाया जा रहा था;

(3) क्या यह बात सही है कि इसके पूर्व कटिहार पुलिस ने बंगलादेश ले जाये जाने के क्रम में 200 ऊँटों को पकड़ा था;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीमांचल क्षेत्र के रास्ते में हो रही पशु तस्करी को रोकने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा मुहैया कराना

*911. श्री अजय प्रताप--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मोहल्ला न्यू यारपुर, गर्दनीबाग रोड नं० 1 में नागरिकों को पेयजल हेतु लाइन बिछी है वह श्री राजाराम के आवास के समीप तक ही पाइप लाइन बिछायी गई है, जिसके कारण 200 मीटर आगे रहने वाले आवासी श्री बृजनन्दन ठाकुर, श्री गोरख साव, श्री गौड़ी ठाकुर, श्री सुबोध कुमार एवं 200 नागरिक पेयजल की सुविधा से वंचित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में श्री राम के आवास के समीप से आगे तक पेयजल लाइन बिछाकर वंचित नागरिकों को पेयजल सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है ?

----------

दोषी पर कार्रवाई

*912. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 के कंडिका 10 (क) के अनुसार सरकारी तालाबों की बन्दोबस्ती मत्स्यजीवि सहयोग समिति के समीपस्थ मछुआरों सदस्य के साथ की जानी है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन कर नोभा रैन पोखर, मच्छपकौनी शिव मंदिर पोखर, बेला थाना के पूरब पोखर, बगही पोखर मच्छपकौनी बड़ा मदरसा पोखर कन्हमा एवं नरंगा ठाकुर पोखर का बन्दोबस्त किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर नियमानुसार बन्दोबस्त करने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पानी टंकी चालू कराना

*913. श्री नीरज कुमार बब्लू --क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के छातापुर प्रखण्ड अन्तर्गत छातापुर में तीन वर्ष पूर्व जलमीनार बनकर तैयार है एवं पाइप लाइन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार से अभीतक पानी सप्लाई नहीं शुरू हो पाया है, जिससे वहां की जनता जलापूर्ति के लाभ से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को यथाशीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण कराना

*914. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के फुलवरिया घाट के किनारे विद्युत शवदाह गृह नहीं रहने के कारण शवदाह कार्य करने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के फुलवरिया घाट के किनारे विद्युत शवदाह गृह निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

----------

पानी टंकी का निर्माण

*915. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नगर पंचायत वारिसलीगंज में पेयजल का घोर अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता लोक स्वा० अभियंत्रण विभाग द्वारा वारिसलीगंज नगर पंचायत में पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी एवं पाइप लाइन हेतु 15 करोड़ रुपये की लागत की डी०पी०आर० समर्पित किया गया है, परन्तु अभीतक स्वीकृति नहीं मिल पाई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2012-13 के उक्त डी०पी०आर० को स्वीकृत करवाकर वारिसलीगंज नगर पंचायत में पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू करवाना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

बैंक शाखा खोलना

*916. श्री अरुण कुमार सिन्हा--स्थानीय हिन्दी दैनिक के दि० 1 नवम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित ''शाख का पता नहीं, लाखों दिया किराया'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पाटलीपुत्र सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक प्रबंधन द्वारा हनुमान नगर, पटना में बैंक की शाखा खोलने का निर्णय 2007 ई० में किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शाखा खोले बिना ही बैंक प्रबंधन द्वारा हनुमान नगर शाखा के लिए मकान मालिक को अबतक दो लाख साठ हजार रु० का भुगतान कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बैंक का शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*917. डॉ० जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला में जिला उद्यान पदाधिकारी एवं आत्मा परियोजना निदेशक का पद वित्तीय वर्ष 2006-07 से रिक्त है, फलस्वरूप कार्य के निष्पादन में काफी परेशानी हो रही है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पदों पर पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चालू करना

*918. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेली रोड, पटना स्थित ललित भवन के कम्पाउण्ड में जलापूर्ति पम्प विगत पांच वर्षों से यांत्रिक दोष के कारण बंद पड़ा है जिससे उस इलाके के आम लोगों को जलापूर्ति की समस्या का गंभीर सामना करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में ललित भवन जलापूर्ति पम्प के चालू कराने हेतु निविदा निकाली गयी थी, परन्तु छः माह बीत जाने के बाद भी पम्प ठीक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित जलापूर्ति को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलमीनार बनाना

*919. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सभी प्रखण्ड मुख्यालयों में जलमीनार बनाने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2005-06 में लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड मुख्यालय में जलमीनार का निर्माण नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वजीरगंज प्रखण्ड मुख्यालय में लोगों की सुविधा के लिए जलमीनार बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिक्री पर रोक

*920. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद् को यह जानकारी नहीं है कि बिहार में कुल कितने ठाकुरबाड़ी हैं और उसके कौन-कौन महंथ हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि महंथ लोग ठाकुरबाड़ी की करोड़ों रुपये की जमीन को कम कीमत पर बेच रहे हैं जिसकी शिकायत बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी विकास समिति के सचिव श्री राज किशोर राय ने दिनांक 24 मार्च, 2012 एवं दिनांक 3 दिसम्बर, 2012 को आवेदन-पत्र देकर की है, जिसकी जाँच कर कार्रवाई करने का आदेश विधि विभाग के पत्रांक 02, दिनांक 1 जनवरी, 2012 द्वारा धार्मिक न्यास पर्षद को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ने महंतों द्वारा कम कीमत पर जमीन की बिक्री पर रोक लगाने संबंधी कौन-सी कार्रवाई की है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्यान्वित करना

*921. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है दरभंगा जिला में मुख्य मंत्री नगर विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2008-12 तक 31 करोड़ 29 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2013 तक उक्त योजना से खर्च 17 करोड़ 65 लाख रुपये जो कुल पाँच वित्तीय वर्ष में किये गये आवंटन का खर्च मात्र 57 प्रतिशत है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटित राशि के समय पर खर्च नहीं होने के कारणों की समीक्षा कर इसे सुनिश्चित करते हुए नगर विकास की योजनाओं को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्ट्रीट लाइट लगाना

*922. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में नगर पंचायत, रफीगंज के रेलवे स्टेशन, बाजार होते हुए बस पड़ाव तक रोशनी की समुचित व्यवस्था नहीं है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रफीगंज रेलवे स्टेशन से बाजार होकर बस पड़ाव तक रोशनी की व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

उपलब्ध कराना

*923. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्गावती, रामगढ़ एवं नुआँव अंचल में चकबंदी के 25 वर्ष बाद भी चकबंदी नक्शा एवं खतियान उपलब्ध नहीं है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त अंचलों में चकबंदी नक्शा एवं खतियान उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

चालू करवाना

*924. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत डोभी एवं आमस में जलापूर्ति केन्द्र बनकर तैयार है, जिसे अभीतक चालू नहीं किया गया है, जिससे आमजनों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आमस एवं डोभी में बनकर तैयार जलापूर्ति केन्द्र को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*925. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी जिलान्तर्गत ढाका नगर पंचायत में बस, टेम्पू आदि स्टैण्ड की नीलामी की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नीलामी स्टैण्ड से कर वसूली का कोई जगह निर्धारित नहीं है, जिसके कारण (गैर-कानूनी ढंग से) पूरे दिन-रात उक्त स्टैण्ड के नाम पर ढाका के चारों मुख्य पथ में कर वसूली होती है एवं अनावश्यक रूप से सड़क जाम होने से आम आदमी को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गैर-कानूनी ढंग से ढाका में हो रही वसूली को बंद करने के साथ दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

वितरण कराना

*926. श्री अजीत कुमार--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 फरवरी, 2013 के अंक में प्रकाशित खबर ''किसानों में नहीं बंटे 106 करोड़'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 में राज्य सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली डीजल अनुदान के मद में 210.39 करोड़ रु० की स्वीकृति दी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सुविधा प्राप्त करने की अर्हता रखने वाले 23.90 लाख किसानों द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखण्ड एवं कार्यालयों में आवेदन दिया गया था, जिसमें से मात्र 20.59 लाख किसानों के बीच अनुदान की राशि बंटी शेष 3 लाख 30 हजार किसानों को अनुदान राशि प्राप्त करने से वंचित रहे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 31 मार्च, 2013 तक शेष बची राशि अनुदान पाने से वंचित किसानों के बीच वितरण कराने का विचार रखती है ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*927. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के ग्राम बरीसवन, नरगदा एवं पहड़पुर में शाहपुर पेय जलापूर्ति योजनान्तर्गत जलमीनार का निर्माण एवं पाइप विस्तार का कार्य कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य का प्रारम्भ तिथि 28 जनवरी, 2011 एवं समाप्ति तिथि 27 जुलाई, 2012 निर्धारित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि समाप्ति तिथि के लगभग 7 माह बीत जाने के बावजूद आजतक कार्य पूरा नहीं हुआ है तथा जो कार्य कराये भी गये हैं वे प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनाज का वितरण

*928. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड एवं परसौनी प्रखण्डों में अन्त्योदय योजना एवं अन्नपूर्णा योजना के अनाज का उठाव विगत 10 महीनों से नहीं होने के कारण लाभुकों के बीच आक्रोश व्याप्त है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में लाभुकों के बीच अनाज वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*929. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा अंचल में अंचल अधिकारी का पद जून, 2012 से ही रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल अधिकारी के पदस्थापन नहीं होने से अंचल में जमीन से संबंधित कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड में अंचलाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीच लगाना

*930. श्री विनय बिहारी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया में 15 स्थानों पर सन् 2012 में हाई मार्क्स लाइट लगाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 6 दिसम्बर, 2012 से सभी हाई मार्क्स लाइटों के स्वीच को डाइरेक्ट कर दिया गया है, जिसके कारण दिन में भी वह जलते रहता है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों मेगावाट बिजली बर्बाद हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी हाई मार्क्स लाइटों में स्वीच लगाकर दिन में लाइट को ऑफ रखने का विचार रखती है, हाँ, तो कब से, नहीं, तो क्यों ?

---

विकास करना

*931. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत कई धार्मिक संस्थाएं यथा अशोक धाम, माँ बाला त्रिपुरसुन्दरी बड़हिया एवं श्रृंगी ऋषि चानन के अलावा जिला में अनेकों धार्मिक मठ एवं मंदिर हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार धार्मिक न्यास बोर्ड और मठों की कमिटी का गठन कर उसके आमदनी से मंदिरों और संस्थान के रख-रखाव और उसके विकास में भागीदारी करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों की बहाली

*932. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सक की कुल स्वीकृत पद 2037 (दो हजार सैंतीस) है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसमें कुल कार्यरत चिकित्सक 706 नियमित एवं 435 संविदा पर कार्यरत हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि संविदा पर 455 में से 400 चिकित्सकों की सेवा अवधि 31 जनवरी, 2013 को समाप्त हो गयी है, जिससे अब मात्र नियमित एवं संविदा मिलाकर 741 चिकित्सक ही रह गये हैं, जिससे पशु चिकित्सीय सुविधा बाधित हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त पद 1296 पद पर पशु चिकित्सकों को बहाली कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--ऊर्जा विभाग के ज्ञापांक 791, दिनांक 14 फरवरी, 2013 द्वारा नगर विकास एवं आवास में स्थानान्तरित

राशन की आपूर्ति

*933. श्री संजय कुमार—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड के अधीन ग्राम पंचायत राज बखरी बराई के ग्राम फरीदपुर के दस पीला कार्डधारियों को माह फरवरी, 2012 से नवम्बर, 2012 तक की अवधि में डीलर एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, राजापाकर (वैशाली) से राशन नहीं प्राप्त हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रभावितों में जिला समाहर्ता, वैशाली एवं मुख्य मंत्री बिहार के जनता दरबार में दिनांक 15 अक्तूबर, 2012 को आवेदन क्रमांक 1510127023 द्वारा प्रस्तुत किया था;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 235, दिनांक 5 जनवरी, 2013 द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वैशाली को पत्र लिखा था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित कार्डधारियों को बकाया राशन की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*934. डॉ० रामानन्द यादव—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा नगर पंचायत के वार्ड नं०-11, फतुहा थाना के सामने बांकीपुर गोरख में श्री गोपाल सिन्हा के मकान से शिव प्रसाद साहु के मकान तक सड़क एवं नाला का निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण बरसात में गंदे पानी का जमाव रहता है, फलस्वरूप वहाँ के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कराने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य सम्पन्न कराना

*935. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान-सभा क्षेत्र में मिनी जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत छः महीना पूर्व ग्राम कमरगामा, मंगरप्पा, खैरा एवं बैजलपुर में बोरिंग का कार्य सम्पन्न हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मिनी जलापूर्ति के लिए उक्त गाँव में अभीतक प्लांट के निर्माण एवं वायरिंग का कार्य आरम्भ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में मिनी जलापूर्ति के लिए प्लांट एवं वायरिंग का कार्य सम्पन्न कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*936. डॉ० रामानन्द यादव—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा नगर पंचायत के वार्ड नं०-21 महल्ला गाँधी नगर मकसुदपुर में श्री बखोरी दास के घर से कस्तुरबा गाँधी मध्य विद्यालय होते हुए श्री अखिलेश यादव के घर तक सड़क एवं नाला का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण वहाँ के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा बरसात के समय में जल-जमाव से स्थिति नारकीय हो जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कराने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्ट्रीट लाईट ठीक कराना

''क'' *937. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''राजधानी की मुख्य सड़कों पर भी अंधेरा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना के बेली रोड पर जे०डी० वीमेंस कॉलेज से जगदेव पथ चौराहे तक 41 विद्युत पोल हैं जिसपर दो-दो हैलोजन बल्ब लगे हैं पर एक भी बल्ब नहीं जलने से आम यात्रियों को अंधेरा में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि गलियों एवं मुख्य मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाईटों का रख-रखाव ठीक नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर स्ट्रीट लाईट ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*938. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्बा नगर पंचायत अवस्थित दुर्गास्थान से विष्णु मोदी के घर तक की सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत स्थित सड़क कच्ची रहने के कारण वर्षात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त कच्ची सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कर वसूलना

*939. श्री सुबोध राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जनवरी, 2013 को प्रकाशित समाचार शीर्षक ''पैसा वसूल जेब में रख लेते हैं कर्मी'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बांकीपुर नूतन राजधानी अंचल एवं कंकड़बाग अंचल के अधीन नगर निगम प्रखण्ड के खाली भू-खण्डों पर बिना अनुमति (बिना टैक्स जमा किये) दुकानें लगायी गयी हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुकानों से टैक्स की वसूली नहीं होने के कारण निगम के राजस्व की क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुकानदारों से नियमानुसार कर वसूलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*940. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखण्ड टेढ़ागाछ अन्तर्गत [illegible] ग्राम में पीपला चौक से रामपुर चौक तक सड़क निर्माण हेतु भू-दाता [illegible] लाल मांझी, मो० जलाल, कुमदेलाल साह, मैनुद्दीन इत्यादि कुल 28 लोगों की [illegible] एकड़ 34 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण विभाग द्वारा वर्ष 1984 में किया गया था;

नोट--''क''-(ऊर्जा विभाग के ज्ञापांक 790, दिनांक 14 फरवरी, 2013 द्वारा नगर विकास विभाग में स्थानांतरित)।

(2) क्या यह बात सही है कि भू-अर्जन कार्यालय, पूर्णियाँ के पत्रांक 608, दिनांक 16 सितम्बर, 1989 के आलोक में भू-दाताओं को एक हजार रुपया प्रति डिसमिल जमीन का मुआवजा देना था जो अबतक नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी भू-दाता को जमीन का मुआवजा अविलम्ब देने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

*941. श्री संजय सिंह टाईगर--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 अगस्त, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "चूहे खा गये बारह हजार बी०पी०एल० परिवारों का अनाज" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 12 हजार बी०पी०एल० परिवारों को अनाजों की आपूर्ति बिहार राज्य खाद्य निगम के भंडारों द्वारा की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में बिहार राज्य खाद्य निगम के दरभंगा, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर और नवादा के गोदामों में प्रबन्धक के द्वारा 3 हजार क्वींटल अनाज को चूहों द्वारा खाने की बात प्रकाश में आई और खाद्य निगम के कर्मचारियों को दोषी पाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गोदामों से खाद्यान्नों की बर्बादी के लिए दोषी कर्मियों के विरुद्ध जनहित में कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण से मुक्ति

*942. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण (बेतिया) जिला के अंचल रामनगर, मौजा डैनमरवाँ में गैर-मजरूआ जरपेशकीदार भूमि खाता संख्या 301, खेसरा नं० 1725, रकबा 7 कट्ठा 6 धूर जमीन में से दो कट्ठा भूमि पर एच०पी० गैस एजेन्सी गोदाम का निर्माण श्री रमण कुमार मिश्रा, नरकटियागंज, थाना शिकारपुर द्वारा अवैध ढंग से अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक गैर-मजरूआ भूमि पर अवैध ढंग से गोदाम निर्माण को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दखल-कब्जा दिलाना

*943. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के रामनगर प्रखण्डान्तर्गत पंचायत नवरंगिया दोन के ग्राम झिंगरहनी और डायर के अनुसूचित जन-जाति के लगभग 150 परिवार का मकान भलुही नदी के बेड में आ गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पीड़ित अनुसूचित जन-जाति के परिवारों को अन्यत्र बसाने हेतु जमीन का पर्चा अंचलाधिकारी, रामनगर द्वारा वर्ष 2011-12 में दिया गया है, लेकिन अभीतक उनलोगों का दखल-कब्जा नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्चाधारी परिवारों को उनकी जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*944. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों में कृषि उत्पादन बाजार समितियों को वर्ष 2006 में विघटित कर दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में बाजार समितियों का कोई विकल्प अभीतक सरकार द्वारा अवस्थित नहीं किये जाने के कारण राज्य के किसान अपने कृषि उत्पादों को बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूर हैं और उन्हें आर्थिक क्षति हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में किसानों के हित में कृषि उत्पादन बाजार समिति को पुनः स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*945. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के मोरसंड, थुम्मा पंचायत में फोरलेन सड़क का निर्माण हेतु किसानों का आवासीय भूमि अधिगृहित वर्ष 2008 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन का अंचल एवं निबंधन कार्यालय में वर्तमान मूल्य एक लाख तीस हजार रुपया प्रति डिसमिल है, लेकिन जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी के द्वारा नौ हजार पाँच सौ एकसठ प्रति डिसमिल का निर्धारण किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार फोरलेन सड़क निर्माण में किसान से अधिकृत जमीन को अंचल एवं निबंधन कार्यालय में निर्धारित मूल्य पर मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*946. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, बिहियां के वार्ड संख्या 2, 8, 11 एवं 12 में अवस्थित महादलित परिवार को सड़क, पेयजल, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं का अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महादलितों के उत्थान हेतु प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 475/12, दिनांक 21 जून, 2012 द्वारा मंत्री, नगर विकास विभाग से अनुरोध किया था, जिसपर माननीय मंत्री ने अपने पत्रांक 475/12, दिनांक 9 जुलाई, 2012 द्वारा कार्रवाई हेतु कार्यपालक अभियंता, डूडा, भोजपुर को निर्देशित किया था, लेकिन आजतक कार्रवाई शून्य है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ उक्त महादलित परिवारों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण कराना

*947. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल के किसी भी प्रखंड में श्मशान घाट नहीं है, जिसके कारण आम लोगों को दाह-संस्कार करने में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2009 में प्रत्येक प्रखंड में एक-एक श्मशान घाट निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है;

(3) उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल के सभी प्रखंडों में श्मशान घाट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोदाम का निर्माण

*948. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज प्रखंड में अनाजों के भंडारण हेतु गोदाम नहीं रहने से धान एवं गेहूँ के अधिप्राप्ति के पश्चात् खुले आसमान में रखे जाने से गुणवत्ता में खराबी आ जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित प्रखंड में गोदाम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*949. श्री (डॉ०) अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के भेलाही गाँव में पशु चिकित्सालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण किसानों को पशु के चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा उपलब्ध कराना

*950. श्री अवनीश कुमार सिंह--स्थानीय दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 25 फरवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहार में खाद्य प्रसंस्करण की व्यापक संभावनाएँ'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पर्याप्त भंडारण सुविधा के अभाव में राज्य में उत्पादित सब्जियों व फलों के कुल उत्पादन का 45 प्रतिशत बर्बाद हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार भंडारण सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*951. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव प्रखंड के भोजपुर, कदीम में सप्लाई पाइप लाइन कार्य पूरा नहीं होने के कारण पेयजल संकट गहरा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त स्थान पर सप्लाई पाइप लाइन कार्य पूर्ण कराने हेतु मा० मंत्री, लोक स्वास्थ्य विभाग ने गें०स०प्रे०सं० 78 (का०), दिनांक 2 फरवरी, 2012 द्वारा मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, प्रक्षेत्र, पटना को कार्रवाई हेतु भेजा है, परन्तु 6 फरवरी, 2013 तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर, कदीम में सप्लाई पाइप लाइन कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करवाना

*952. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सुर्यगढ़ा प्रखंड के बुधौलीवनकर पंचायत के खैरा, लय, घबोखर, मझियाना, चम्पानगर तथा उरैन पंचायत के उरैन, बसुहार, नवकाडीह में पीने का पानी के लिए जलापूर्ति योजना की स्वीकृति 2008-09 में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बुधौलीवनकर तथा उरैन पंचायत में लोगों को पीने के लिए बाहर से पानी पहुँचाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुधौलीवनकर तथा उरैन पंचायत के लिए स्वीकृत जलापूर्ति योजना का निर्माण करवाने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वाटर सप्लाई कराना

*953. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बत सही है कि प० चम्पारण जिला के नरकटियागंज नगर परिषद् में आजादी के 65 वर्ष बीत जाने के बाद भी शुद्ध पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण एवं आपूर्ति की व्यवस्था अभीतक नहीं हो सकी है, यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नगर परिषद् में वाटर सप्लाई कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*954. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के सलेमपुर नया टोला जलापूर्ति योजना पिछले 20 वर्षों से बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि सलेमपुर नया टोला जलापूर्ति बन्द रहने से नया टोला, चकसीगंज, हल्दी, मौलानगर, पटेलपुर, करेहर, रामनगर गोपालपुर गाँव को शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सलेमपुर नया टोला बन्द जलापूर्ति योजना को पुनर्गठित कर चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वितरण करना

*955. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा विधान-सभा क्षेत्र के ताजपुर प्रखण्ड में 11 पंचायत, मोरवा प्रखण्ड में 18 पंचायत एवं पटोरी प्रखण्ड में 8 पंचायत शामिल हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि ताजपुर प्रखण्ड में लगभग 5 हजार, मोरवा प्रखण्ड में 5 हजार एवं पटोरी प्रखण्ड 2 हजार अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, दलित एवं महादलित भूमिहीन परिवारों की संख्या है;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकारी योजनानुसार उक्त भूमिहीन प्रति परिवारों को 3 डिसमिल जमीन या 20 हजार नगद रुपये देने का प्रावधान है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक सर्वे कराकर सूची तैयार कर उपर्युक्त प्रखण्डों के भूमिहीन परिवारों के बीच 3 डिसमिल जमीन या बीस हजार रुपये वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक?

---

कार्रवाई करना

*956. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--दिनांक 25 दिसम्बर, 2012 को पटना से प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र में छपे ''गरीबों को नहीं मिला पूरे साल अनाज, नहीं हो सका पी०डी०एस० का कम्प्यूटराईजेशन'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकारी आँकड़ों के अनुसार राज्य के बी०पी०एल०, ए०पी०एल० तथा अन्त्योदय परिवारों को उपलब्ध कराये गये कुल 2.50 करोड़ राशन कार्डों का माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार कम्प्यूटराईजेशन करने के क्रम में सरकार को मात्र 40 लाख कार्ड ही वितरित करने का रेकार्ड मिला है, यदि हां, तो शेष 2.10 करोड़ कार्डों का गलत आंकड़ा देने के लिए कौन-कौन पदाधिकारी दोषी हैं और सरकार उन पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री**--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । राज्य में बी०पी०एल०, ए०पी०एल० तथा अन्त्योदय श्रेणी के लगभग 2. 27 करोड़ लाभुकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया है । मा० सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ज०वि०प्र० के कम्प्यूटराईजेशन के क्रम में राशन कार्ड डाटा का डिजिटाईजेशन किया जा रहा है । राशन कार्ड डिजिटाईजेशन के तहत राज्य के राशन कार्ड धारकों से संबंधित सूचनाओं की इन्ट्री एन०आई०सी० द्वारा निर्धारित प्रपत्र में की जा रही है । उक्त प्रपत्र में राशन कार्ड धारकों से संबंधित सूचनाएं इन्ट्री हेतु संबंधित एजेंसियों को उपलब्ध कराने हेतु जिलों को निदेशित किया गया है । उक्त प्रपत्र में वांछित कतिपय सूचनाएं जिलों में उपलब्ध नहीं रहने के कारण उनका संकलन कर जिलों द्वारा एजेंसियों को उपलब्ध कराया जा रहा है ।

अभीतक 1,48,32,029 राशन कार्ड से संबंधित सूचनाएं डाटा-इन्ट्री हेतु संबंधित एजेंसियों को उपलब्ध कराया जा चुका है। शेष डाटा भी शीघ्र ही एजेंसियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा । एजेंसी द्वारा उक्त डाटा की इन्ट्री का कार्य किया जा रहा है । अभीतक लगभग एक करोड़ राशन कार्ड की डाटा का इन्ट्री किया जा चुका है । इन्ट्री के पश्चात एजेंसी द्वारा प्रथम चेक लिस्ट जिलों को भेजा जा रहा है । इसके बाद शेष डाटा भी जिलों के द्वारा एजेंसियों को इन्ट्री हेतु उपलब्ध करा दिया जाएगा ।

चालू कराना

*957. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत तुंगी में जलमीनार है जो दस वर्षों से बन्द पड़ा है, यदि हां, तो सरकार कबतक इसे चालू कराने का विचार रखती है ?

---------

बढ़ती कीमत को रोकना

*958. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 20 जनवरी, 2013 को प्याज का खुदरा भाव बीस रुपये किलो था तथा दिनांक 6 फरवरी, 2013 के बाद प्याज का खुदरा भाव पैंतीस से चालीस रुपये प्रति किलो के बीच राज्य के विभिन्न मंडियों में उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो रहा है, यदि हां, तो सरकार प्याज की बढ़ती कीमत को रोकने के लिए राज्य स्तर पर कौन-सी उपाय करने जा रही है, नहीं, तो क्यों?

---------

जमीन उपलब्ध कराना

*959. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत राजापाकर, देसरी एवं सहदई प्रखण्डों के राजकीय कृत विद्यालयों में शौचालय का निर्माण कराने के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी वैशाली के पत्रांक 93/दि० 25 मई, 2012 द्वारा प्रश्नकर्ता को दिए गए सूचना पत्र को प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 508, दि० 6 जून, 2012 एवं पत्रांक 554, दिनांक 18 अक्तूबर, 2012 द्वारा भूखण्ड उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी, वैशाली को पत्र लिखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के दोनों पत्रों पर जिला पदाधिकारी, वैशाली द्वारा आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शौचालय के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन उपलब्ध कराना

*960. श्री मंजीत कुमार सिंह--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 दिसम्बर, 2012 को छपे खबर ''जमीन के अभाव में ग्रामीण विद्युतीकरण पर लगा ग्रहण'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के 29 गाँवों में विद्युत संयंत्र लगाने के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने हेतु अपर समाहर्ता, गोपालगंज द्वारा अपने पत्रांक 1423, दिनांक 14 जून, 2012 को निर्देश अंचल पदाधिकारी, बैकुण्ठपुर को दी गई थी, यदि हां, तो सरकार कबतक विद्युत संयंत्र के लिए जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

विकास में खर्च

*961. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् में तीन वर्षों से 13 वर्ष एवं 14वां वित्त आयोग एवं राज्य योजना का 7 करोड़ रु० पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर परिषद् ने इन पैसों का विकास संबंधी कार्यों में अभीतक खर्च नहीं किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पैसा का नगर विकास में खर्च करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

हैचरी स्थापित करना

*962. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के मत्स्य पालकों की सुविधा हेतु मछली का हैचरी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले के मत्स्य पालकों को मछली का जीरा लाने के लिए हावड़ा, बिहारशरीफ पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे मछली पालन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिला के पकरीबरावाँ प्रखण्ड में मछली का हैचरी स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*963. श्री अरूण कुमार सिन्हा--स्थानीय हिन्दी दैनिक के दिनांक 8 दिसम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित ''यह सड़क है या गिट्टी-बालू का गोदाम'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के बेली रोड, बाजार समिति रोड, राजेन्द्र नगर, बोरिंग कैनाल रोड, न्यू बाईपास पर सिपारा पुल से पहाड़ी तक, गाँधी मैदान, दानापुर रोड पर कई वर्षों से गिट्टी-बालू रखकर बेचने से सड़क की चौड़ाई कम हो गयी है और आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है ?

--------

लाइसेन्स देना

*964. श्री रामायण माँझी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखंड के ग्राम पंचायत राज्य कसीला के ग्राम उड़ियान टोला टुकड़ा नम्बर 1 एवं आन्दर प्रखंड का ग्राम पंचायत पतार के ग्राम कईल गढ़ उड़ियान टोला टुकड़ा नम्बर 2 घाघरा नदी के दक्षिण पार 10 किलो मीटर पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के समय घाघरा नदी में बाढ़ आ जाने के कारण इन दोनों गाँवों में जन-वितरण की दुकान नहीं होने के कारण तेल एवं खाद्यान्न लेने में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीवान जिला के दरौली प्रखंड के पंचायत राज्य कसीला के उड़ियान टोला टुकड़ा नम्बर 1 एवं आन्दर प्रखंड के पतार पंचायत राज्य के ग्राम कईल गढ़ टुकड़ा नम्बर 2 को खाद्यान्न की आपूर्ति सुविधा इसी गाँव में सरकारी दुकान को लाइसेन्स देकर कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्तियों को भरना

*965. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई विधान-सभा स्थित कटरा प्रखण्ड में कटरा अवर निबंधन कार्यालय में 30 नवम्बर, 2012 को प्रधान सहायक एवं दो अन्य सहायक सेवानिवृत हो चुके हैं, साथ ही उक्त निबंधन कार्यालय में एक कम्प्यूटर संचालक एवं दो सहायक के रिक्त पद पर पदस्थापन नहीं होने के कारण निबंधन कार्य में काफी कठिनाई आ रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों रिक्तियों को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

पाइप बिछाना

*966. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड सन्हौला के ग्राम तेलौन्धा में विभाग द्वारा वर्ष 2011 में पानी टंकी का निर्माण कर पानी की आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम की अधिसंख्य जनसंख्या निवास करने वाली गली के पूर्व प्रकाश ठाकुर एवं पश्चिम में अवनी एवं अश्वनी मिश्र का मकान है, में जलापूर्ति पाइप नहीं बिछाया गया है, जिसके कारण गाँव के 100 घरों में पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपर्युक्त गली में जलापूर्ति हेतु पानी का पाइप बिछाने का विचार रखती है ?

भवन बनाना

*967. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी एवं अगिगाँव प्रखण्डों को छोड़कर सभी प्रखंडों में ई-किसान भवन का निर्माण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार शेष 2 प्रखण्डों में कबतक ई-किसान भवन बनाने का विचार रखती है ?

--------

मुहैया कराना

*968. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला समाहर्ता के आदेशानुसार, 2012 मई, जून माह का बी०पी०एल० परिवार के साथ आवंटन को समाप्त कर उक्त राशि को जुलाई, अगस्त माह में समायोजित करते हुए माहवारी गल्ला उठाव का आदेश दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला के सभी डीलर द्वारा अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर, 2012 की राशि जमा करने के बावजूद अभीतक गल्ला का उठाव नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 2012 का 5 माह का गल्ला उठाव करवाकर बी०पी०एल० परिवार को गल्ला मुहैया कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दूध शीतल केन्द्र खोलना

*969. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड गुरारू में दूध शीतल केन्द्र नहीं रहने के कारण वहाँ के निवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर दूध शीतल केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*970. श्री रामधनी सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखण्ड में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, कोचस सन् 2000 से ही भवनविहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पशु चिकित्सालय संकीर्ण किराये के मकान में चलता है, जहाँ इलाज हेतु पशुओं और ग्रामीण जनता को आने-जाने में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सालय के भवन को बनाना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

पदस्थापित करना

*971. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के रामनगर एवं गौनहा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पद विगत एक वर्ष से रिक्त है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

पदस्थापन करना

*972. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर अंचल में अंचलाधिकारी का पद 6 माह से रिक्त है, जिसके कारण भूमि विवाद कार्य के निष्पादन में कठिनाई होती है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त अंचल का अंचलाधिकारी का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*973. श्री जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बाराहाट प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 अगस्त, 2012 को होने के कारण आपूर्ति पदा० का पद रिक्त रहने से आपूर्ति के कार्यों में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखंड में आपूर्ति पदाधिकारी को शीघ्र पदस्थापित करने का विचार रखती है ?

---

नाला का निर्माण

*974. श्री अशोक कुमार सिंह (224)—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में नगर पंचायत के देवी स्थान से बालिका उच्च विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय होते हुए रामपुकार सिंह के घर तक नाला नहीं रहने से पानी कि निकासी नहीं हो पा रही है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रफीगंज नगर पंचायत के देवी स्थान से बालिका उच्च विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय होते हुए रामपुकार सिंह के घर तक नाला निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दूध शीत केन्द्र खोलना

*975. डॉ० कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, पशु मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक-बथानी अनुमंडल में दूध शीत केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि दूध शीत केन्द्र को अधिक दूरी पर होने से किसानों का दूध प्राय: दिन रास्ते में ही खराब हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीमचक बथानी अनुमंडल में एक दूध शीत केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल उपलब्ध कराना

*976. श्रीमती मंजु हजारी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत रोसड़ा, शिवाजीनगर एवं सिंघिया प्रखण्ड से होकर गुजरने वाली बागमती नदी (करेह) एवं पुरानी बागमती के किनारे बसे गाँव में नलकूप से निकले पानी में लौह अयस्क की मात्रा अधिक पाया जाता है, जिसे वहां के बसे लोगों के पीने का पानी शुद्ध नहीं मिलता है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वहां के बसे लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गहरी नलकूप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*977. श्रीमती रंजु गीता—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड में एक ई-किसान भवन का निर्माण कराया जाएगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर और बोखड़ा प्रखण्ड में अभीतक किसान भवन का निर्माण नहीं कराया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार व्यापक जनहित में वर्णित प्रखण्डों में कबतक ई-किसान भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनाज का वितरण

*978. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले बेलसंड नगर पंचायत सभी वार्डों में अन्तोदय योजना का अनाज का उठाव एवं वितरण का कार्य पिछले एक वर्ष से बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा इसकी शिकायत पत्र के माध्यम से 8 माह पूर्व में अनुमंडल पदाधिकारी, बेलसंड से करने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी वार्डों में अनाज का उठाव कराकर वितरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करवाना

*979. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर निगम के वार्ड नं०-12 में लोहियानगर रेलवे सीमा से मनिहारी तक पथ निर्माण विभाग की सड़क तक वर्ष 2011-12 में 66 लाख रुपये में पी०सी०सी० सड़क एवं नाला का निर्माण हेतु क्रमशः पी०सी०सी० हेतु 44 लाख तथा नाला निर्माण हेतु 22 लाख की राशि प्राप्त हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड संख्या-12 के उक्त सड़क का पी०सी०सी० निर्माण कार्य कराया जा चुका है, परन्तु नाला का निर्माण नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाला निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार चालू कराना

*980. श्री कन्हैया कुमार—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड के ग्राम सुखामारण में लगभग दो वर्ष पूर्व से जलमीनार बनकर तैयार है, यदि हाँ, तो अभीतक जलमीनार चालू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

सही कदम उठाना

* 981. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सुधा दुग्ध शीतल केन्द्र में प्रत्येक दिन एक लाख लीटर दूध संग्रहण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुग्ध शीतल केन्द्र में दूध रखने की क्षमता मात्र 70,000 (सत्तर हजार) लीटर है जबकि एक बार में 40,000 (चालीस हजार) लीटर दूध को ठंडा करने की क्षमता है, जिससे दूध उत्पादकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया में बढ़ते दूध उत्पादन को ध्यान में रखते हुए दूध उत्पादकों के हित में कौन–सा कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति का विचार

* 982. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर में वार्ड संख्या 1 में पाईप लाईन नहीं बिछाये जाने के कारण वहां जलापूर्ति नहीं की जा रही है और लोगों को लौह और आर्सेनिक युक्त पानी पीना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां जलापूर्ति का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

* 983. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर निगम के वार्ड नं0 12 में लोहिया नगर रेलवे सीमा से मनिहारी पथ निर्माण विभाग की सड़क तक के लिए वर्ष 2011–12 में 66 लाख की राशि सरकार के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया था, जिसमें पी0 सी0 सी0 सड़क निर्माण के लिए 44 लाख एवं 22 लाख की राशि नाला निर्माण हेतु स्वीकृत हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क तक 44 लाख राशि से पी0 सी0 सी0 सड़क का निर्माण संवेदक के द्वारा करा दिया गया, लेकिन नाला का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाला का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनवाना

* 984. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, नगर एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में एक मात्र पथ गया चेरकी पथ रहने से इस पथ में ट्राफिक जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक मात्र गया–चेरकी पथ में जाम लगने से आम जनों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाम से निजात दिलाने हेतु जी0 टी0 रोड से नदी किनारे, अमर सिंह बाग होकर गया–चेकरी पथ को जोड़ने वाली कच्ची सड़क को पक्की सड़क बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था कराना

* 985. श्री नीरज कुमार बब्लू—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखण्ड लगभग दर्जन भर कब्रिस्तान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में एक नगर पंचायत है, जिसमें 13 वार्ड हैं तथा 14 पंचायत भी है लेकिन पूरे प्रखण्ड में एक भी मुक्तिधाम नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मुक्तिधाम नहीं होने के कारण नगर पंचायत एवं पंचायतों के लोगों को शवदाह में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के वीरपुर अनुमंडल में स्थाई मुक्ति धाम की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पैक्सों का चयन

*986. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह——क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप योजना अन्तर्गत 1000 एम0 टी0 का गोदाम का पैक्स में निर्माण कराया जाना है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो गोदाम निर्माण हेतु पूर्वी चम्पारण जिला के किन–किन पैक्सों का चयन हुआ है ?

---

निर्माण कराना

*987. श्रीमती गुड्डी देवी——क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड का अंचल कार्यालय 5 वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता (उत्तर उपभाग) भवन निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 184, दिनांक 12 अक्तूबर, 2011 द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी को तकनीकी जाँच कर प्रतिवेदन की मांग की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अंचल कार्यालय भवन की तकनीकी जाँच कराकर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*988. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह——क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में ग्राम तोल में पेय जलापूर्ति हेतु वर्ष 2011 में मीनी आपूर्ति योजना की स्वीकृति दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के लिए जमीन वर्ष 2012 में उपलब्ध करा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का निर्माण कार्य शीघ्र कराकर आपूर्ति चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक खोलना

*989. डॉ0 फैयाज अहमद——क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विस्फी प्रखड मे को–ऑपरेटिव बैंक की शाखा कार्यरत नहीं है जिससे किसानों को ऋण आदि में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में को–ऑपरेटिव बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय का निर्माण

*990. श्री अच्युतानंद—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार में नगर पंचायत किराये के मकान में 10 वर्षों से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन की उपलब्धता के बाद भी नगर पंचायत के कार्यालय का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे राजस्व की क्षति के साथ ही कार्यों के निष्पादन में भी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महनार के नगर पंचायत कार्यालय के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*991. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्बा नगर पंचायत के चाँदनी चौक से हनुमान चौक होते हुए नेहरू चौक तक नाला नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नाला नहीं रहने के कारण घर का गन्दा पानी खुलेआम सड़क पर बहता है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*992. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पुलपरास अनुमंडल में भूमि सुधार (उप समाहर्ता) का पद चार माह से रिक्त है, जिससे भूमि विवाद के निष्पादन में भारी कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल में भूमि सुधार उप समाहर्ता को पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*993. श्री गोपाल जी ठाकुर—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत बहेड़ा पानी टंकी से मथन साहू पोखरा, वसुहाम मंदिर, चन्द्रशेखर राय, वैद्यनाथ महतो, वसुहाम मस्जिद चौधरी पोखर होते हुए धोवियाही पुल पी० डब्लू० डी० सड़क बहेडी–वहेड़ा तक जो अति पिछड़ा, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति एवं महादलित टोला से गुजरती है, जो सड़क का पक्कीकरण नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पैक्स गोदाम बनाना

*994. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल के पंचायतों में पैक्स गोदाम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायतों में पैक्स गोदाम नहीं होने से धान एवं गेहूँ को क्रय करने में पैक्स

अध्यक्षों को बहुत परेशानी होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि गोदाम नहीं होने से अनाज विद्यालयों तथा अन्य भवनों में रखा जाता है और अनाज की बहुत बर्बादी होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीमचक बथानी अनुमंडल के सभी पंचायतों में पैक्स गोदाम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दखल दिलाना

*995. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1993–94 में बक्सर जिला के इटाढ़ी अंचल अन्तर्गत ग्राम–खातीबा में बिहार सरकार की अनावाद जमीन का पर्चा श्री सिपाही भर, कन्हैया राजभर वगैरह 20 भूमिहीनों के बीच बन्दोबस्ती करते हुए संबंधितों को दखल दिला दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2002 में उक्त बन्दोबस्त जमीन को जाली कागजातों के आधार पर समाहर्ता, बक्सर द्वारा बन्दोबस्ती रद्द करते हुए सूट नं० 677/74 एवं 170/75 एवं 198/75 के आधार पर श्री त्रिलोकनाथ पाठक वगैरह के पक्ष में निर्णय पारित कर दिया गया, और पुनः उसी खाता की जमीन को केस सं० 1/03–04 द्वारा 42 भूमिहीनों के बीच पर्चा देकर बन्दोबस्त कर दिया गया जिसका दखल देहानी अभीतक नहीं दिलाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन 42 बन्दोबस्त पर्चाधारियों को जमीन का दखल देहानी दिलाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*996. श्री छोटेलाल राय—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड परसा, दरियापुर दरिहारा एवं परसौना का पशु अस्पताल भवनहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पशु अस्पताल के भवनहीन होने के कारण पशुओं के ईलाज हेतु दवा का रख–रखाव में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पशु अस्पतालों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार का निर्माण

*997. श्री फैयाज अहमद—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 5 हजार से अधिक की आबादी वाले गाँव में जलमीनार के माध्यम से जलापूर्ति सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार कृतसंकल्पित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फ, विधान–सभा क्षेत्र के परसौनी (दक्षिण) छछुआ, बांका एवं इजरा (रहिका) गाँवों की आबादी 10 हजार से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलापूर्ति हेतु जलमीनार के निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नक्शा उपलब्ध कराना

*998. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत नावानगर प्रखंड के पंचायत बाबुगंज इंगलिश में मौजा हरोजा थाना नं0 409 का चक फाईनल 1977-78 में हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मौजा का चक नक्शा आजतक तैयार नहीं है, यदि हां, तो सरकार कबतक नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

------------

मुहैया कराना

*999. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखंड के ग्राम पंचायत हरपुर भिन्डी, गुनाई बसही, मोड़ा खुर्द, बैना, चकसिकन्दर, माड़ीपुर ग्राम बाढ़ प्रभावित है, उक्त ग्रामों में बाढ़ के दिनों में ग्रामवासियों को दूषित पानी पीने को विवश होना पड़ता है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामवासियों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम पंचायत हरपुर भिन्डी में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

------------

किसान भवन बनाना

*1000. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2009-10 में यह सभी प्रखण्डों में ई0 किसान भवन का बनाने का निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में मात्र 11 प्रखण्डों में ही ई0 किसान भवन का निर्माण हुआ तथा बाकी 16 प्रखण्डों में अभीतक ई0 किसान भवन नहीं बन पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केसरिया, कल्याणपुर, संग्रामपुर सहित बाकी बचे सभी प्रखण्डों में ई0 किसान भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चालू कराना

*1001. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला का एकमात्र दरभंगा सेंट्रल को0-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, दस वर्षों से बंद है, जिसके निबंधन के लिए दरभंगा जिला के पैक्स अध्यक्षों ने वर्ष 2010 में ही आवेदन-पत्र प्रबंध निदेशक, सहकारिता विभाग को समर्पित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पैक्स अध्यक्षों के आवेदन-पत्रों के आलोक में बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, पटना द्वारा संभाव्यता प्रतिवेदन की मांग की गयी थी, जिसे जिला सहकारिता पदाधिकारी, दरभंगा के पत्रांक 37, दिनांक 20 अक्तूबर, 2011 द्वारा भेज दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मिथिला सेंट्रल को0-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, दरभंगा को चालू करने के संबंध में अबतक कौन-सी कार्रवाई की गई है और उसे सरकार कबतक चालू करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*1002. डॉ0 इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 अक्तूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''अवैध नक्शा पास कराकर कराया जा रहा है निर्माण'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित आशियाना दीघा रोड पर स्थित पुलिस कॉलोनी में केशव मालती इंक्लेव का नक्शा वर्ष 2002 में जी-3 पास हुआ तथा नक्शा के मुताबिक एपार्टमेंट का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन मालिक ने 2002 में बने नक्शे को संशोधित कराकर जी-4 का नक्शा पास करा लिया है तथा उक्त एपार्टमेंट में अतिरिक्त निर्माण प्रारम्भ वर्ष 2011 में कर दिया है, यदि हां, तो सरकार गलत नक्शा पास करने और मापने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलमीनार का निर्माण

*1003. डॉ0 दाउद अली—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव प्रखण्ड के डुमरांव थाना के पास एवं छट्टीया पोखर के पास जलमीनार नहीं रहने से पूरे डुमरांव में जल संकट बना हुआ है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल पर अगले वित्तीय वर्ष में जलमीनार निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

शीघ्र चालू कराना

*1004. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा प्रखंड के मिर्जापुर ग्राम में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पानी टंकी बनकर तैयार है, किन्तु अभीतक चालू नहीं हो पाया है, जिससे सैंकडों की आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मरम्मती एवं जल निकासी करना

*1005. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर निगम, कटिहार द्वारा संचालित बस स्टैंड परिसर में अवस्थित प्रतीक्षालय भवन जर्जर हो चुका है एवं परिसर में स्थायी जल-जमाव रहने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त परिसर की मरम्मती एवं जल निकासी कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्पादन बढ़ाना

*1006. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2008-09 में मछली का उत्पादन 3.06 लाख टन था जो वर्ष 2009-10 में घटकर 2.97 लाख टन तथा वर्ष 2010-11 में पुन: घटकर 2.89 लाख टन हो गया है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निष्पादन करना

*1007. डॉ0 अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिलों में सर्वे का दफा 6 का कार्य अभी समाप्त नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों जिलों में 5000 से अधिक मामला विचाराधीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामलों का त्वरित निष्पादन करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उप–कोषागार खोलना

*1008. श्रीमती (डॉ0) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पालीगंज अनुमंडल का निर्माण 1999 में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक वहां ट्रेजरी की व्यवस्था नहीं की गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वहां का सारा कार्य दानापुर ट्रेजरी से होती है, जिसके कारण काफी असुविधा होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पालीगंज अनुमंडल में उप–कोषागार (ट्रेजरी) खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

हर्जाना वसूलना

*1009. श्री विक्रम कुँवर —क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत रघुनाथपुर अंचल में पिपरा गाँव में थाना 487, तौजी 281, खाता नं0 288, सर्वे नं0 50, 62 विगहा गैर–मजरूआ जमीन है, जिसमें 30 विगहा जमीन 1960 के पूरब बन्दोबस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बचे हुए जमीन में सुरेन्द्र सिंह पिछले 10 वर्षों से चिमनी भट्ठा चलाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी जमीन पर अवैध चिमनी भट्ठा चलाने के आरोप में मुकदमा कर उनसे हर्जाना वसूलना चाहती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा ।

पटना :
दिनांक 28 फरवरी, 2013 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 230— डी०टी०पी०— 450